भारत सरकार
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय
वाणिज्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1177

दिनांक 14 दिसंबर, 2022 को उत्तर दिए जाने के लिए

**टूटे और उसना चावल का निर्यात**

1177. **श्रीमती कविता मलोथू :**
**श्री कोमती रेड्डी वेंकट रेड्डी :**
**डॉ.वेंकटेश नेता बोरलाकुंता :**
**डॉ. जी.रणजीत रेड्डी :**
**श्री मन्ने श्रीनिवास रेड्डी :**
**श्री रघु राम कृष्ण राजू :**

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान गैर-बासमती और उसना चावल के निर्यात का वर्ष, किस्म और देश-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या वर्ष 20 प्रतिशत निर्यात शुल्क और टूटे चावल के निर्यात पर प्रतिबंध के बावजूद गैर-बासमती चावल का निर्यात 15 मिलियन टन तक पहुंच जाएगा और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या कई अफ्रीकी देश टूटे और उसना चावल की मांग कर रहे हैं;

(घ) यदि हां, तो देश में उसना चावल के स्टॉक का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;और

(ड.) मंत्रालय द्वारा ऐसे देशों को टूटे और उसना चावल के निर्यात के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क) चावल को मोटे तौर पर दो श्रेणियों अर्थात बासमती और गैर-बासमती में बांटा जाता है। उसना चावल भी गैर-बासमती चावल की श्रेणी में आता है। विगत तीन वर्षों के दौरान उसना चावल सहित गैर-बासमती चावल के निर्यात का वर्ष-वार, किस्म-वार और देश-वार ब्यौरा **अनुबंध-।** में दिया गया है।

(ख) अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान निर्यात किया गया कुल गैर-बासमती चावल 10.21 मिलियन एमटी है। तथापि, दिनांक 8 सितंबर, 2022 को टूटे चावल के निर्यात पर निषेध और उसना चावल के

अलावा अन्य गैर-बासमती चावल पर 20% का निर्यात शुल्क अधिरोपित करने के पश्चात गैर-बासमती चावल के निर्यात में गिरावट दर्ज की गई है।

(ग) जी हां। कुछ अफ्रीकी देशों से टूटे और उसना चावल सहित गैर-बासमती चावल के लिए अनुरोध प्राप्त हुए हैं।

(घ) भारतीय खाद्य निगम के अनुसार देश में उसना चावल के स्टॉक का राज्यवार ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।

(ङ.) भारत सरकार ने घरेलू किसानों, औद्योगिक क्षेत्र और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कृषि वस्तुओं की घरेलू कीमतों, उत्पादन, उपलब्ध स्टॉक, उत्पादन अनुमान, पूर्वानुमान आदि की समीक्षा करने के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) गठित की है। इन आवश्यक वस्तुओं के निर्यात के संबंध में नीतिगत निर्णय उपर्युक्त कारकों को ध्यान में रखते हुए लिया जाता है। आईएमसी समय-समय पर बैठक करती है और अन्य बातों के साथ-साथ, पड़ोसी और कमजोर देशों की खाद्य सुरक्षा की आवश्यकताओं को सपोर्ट करने के लिए चावल सहित, निषिद्ध वस्तुओं, यदि कोई हो, के निर्यात के लिए उपायों की सिफारिश करता है।

****

## लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1177 के भाग (क) के उत्तर के संबंध में अनुबंध

**अनुबंध -I**

| वस्तु / वर्ष | मात्रा एलएमटी में; मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2019-20** | | **2020-21** | | **2021-22** | |
| | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** |
| कुल गैर-बासमती चावल | 50.56 | 2031.25 | 131.49 | 4810.80 | 172.89 | 6133.63 |
| उसना चावल* | 31.29 | 1215.15 | 61.75 | 2365.19 | 74.34 | 2764.69 |

*उसना चावल भी गैर-बासमती चावल की श्रेणी में आता है। स्रोत :डीजीसीआईएस

मात्रा एलएमटी में; मूल्य मिलियन अमरीकी डालर में

**गैर बासमती चावल**

| देश | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** |
| बांग्लादेश जनगण. | 0.13 | 12.12 | 9.14 | 350.97 | 16.29 | 613.95 |
| बेनिन | 5.35 | 195.90 | 12.31 | 442.97 | 15.27 | 531.39 |
| चीन जनगण. | 0.02 | 0.78 | 3.32 | 103.70 | 16.33 | 496.65 |
| नेपाल | 6.81 | 245.30 | 13.33 | 405.26 | 14.01 | 461.49 |
| कोटे डी आइवरी | 2.94 | 107.70 | 7.32 | 260.30 | 9.32 | 322.65 |
| सेनेगल | 2.18 | 67.49 | 10.36 | 304.88 | 10.91 | 311.91 |
| टोगो | 3.03 | 107.90 | 7.80 | 283.02 | 8.44 | 293.99 |
| गिनी | 3.27 | 120.41 | 6.10 | 224.50 | 6.73 | 243.81 |
| वियतनाम स.गण | 0.00 | 0.78 | 2.93 | 90.15 | 7.08 | 231.10 |
| मेडागास्कर | 0.11 | 3.69 | 4.16 | 127.22 | 5.72 | 188.84 |
| अन्य | 26.72 | 1169.17 | 54.71 | 2217.82 | 62.80 | 2437.84 |
| कुल | 50.56 | 2031.25 | 131.49 | 4810.80 | 172.89 | 6133.63 |

स्रोत :डीजीसीआईएस

मात्रा एलएमटी में; मिलियन मूल्य अमरीकी डालर में

**भारत से उसना चावल का निर्यात**

| देश | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** | **मात्रा** | **मूल्य** |
| बांग्लादेश जन.गण | 0.06 | 2.42 | 7.86 | 294.97 | 14.85 | 556.11 |
| बेनिन | 5.00 | 182.13 | 9.36 | 341.62 | 10.22 | 363.09 |
| कोटे डी आइवरी | 2.78 | 101.89 | 5.50 | 201.17 | 5.91 | 210.88 |
| टोगो | 2.63 | 94.11 | 5.46 | 202.35 | 5.83 | 207.23 |
| गिनी | 2.70 | 99.81 | 4.41 | 164.60 | 4.89 | 176.55 |
| सोमालिया | 3.44 | 122.17 | 3.70 | 126.54 | 4.55 | 154.09 |
| श्री लंका लो.स..गण | 0.03 | 1.34 | 0.01 | 0.95 | 3.43 | 137.94 |
| लाइबेरिया | 2.02 | 74.26 | 3.17 | 119.06 | 3.45 | 124.14 |
| ज़िबूटी | 1.66 | 60.66 | 2.12 | 76.66 | 2.37 | 83.32 |
| दक्षिण अफ्रीका | 1.45 | 50.13 | 2.38 | 84.20 | 1.97 | 67.53 |
| अन्य | 9.51 | 426.23 | 17.77 | 753.06 | 16.87 | 683.82 |
| कुल | 31.29 | 1215.15 | 61.75 | 2365.19 | 74.34 | 2764.69 |

स्रोत :डीजीसीआईएस

लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.1177 के भाग (घ) के उत्तर के संबंध में अनुबंध

**अनुबंध- II**

| दिनांक 01.12.2022 की स्थिति के अनुसार विभिन्न राज्यों में उसना चावल का स्टॉक | | | |
|---|---|---|---|
| (मात्रा.एमटी में ) | | | |
| क्षेत्र | उसना चावल का स्टॉक | | कुल उसना चावल |
| | एफसीआई | राज्य एजेन्सी | |
| **पूर्वी क्षेत्र** | | | |
| बिहार | 229 | 0 | 229 |
| झारखंड | 37417 | 0 | 37417 |
| ओडिशा | 63081 | 344336 | 407417 |
| पश्चिम बंगाल | 19690 | 147114 | 166804 |
| पूर्वी क्षेत्र कुल | 120417 | 491450 | 611867 |
| **दक्षिण क्षेत्र** | | | |
| आंध्र प्रदेश | 2237 | 0 | 2237 |
| तेलंगाना | 400015 | 0 | 400015 |
| कर्नाटक | 4986 | 0 | 4986 |
| केरल | 89886 | 741 | 90627 |
| तमिलनाडु | 289795 | 971000 | 1260795 |
| दक्षिण क्षेत्र कुल | 786919 | 971741 | 1758660 |
| **पश्चिम क्षेत्र** | | | |
| छत्तीसगढ | 20785 | 1398 | 22183 |
| पश्चिम क्षेत्र कुल | 20785 | 1398 | 22183 |
| **संपूर्ण भारत कुल** | **928121** | **1464589** | **2392710** |

स्रोत :एफसीआई

नोट :उपरोक्त तालिका में उल्लिखित राज्यों/अंचलों के अलावा अन्य राज्यों/अंचलों में उसना चावल का स्टॉक उपलब्ध नहीं है , क्योंकि उन राज्यों में उसना चावल की खपत नहीं होती है।